राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–पं0नि0 30–36/2026– **2183**

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
दरभंगा।

पटना, दिनांक– 26.05.2026

विषयः– **जिला परिषद दरभंगा, अध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

प्रसंगः– **आपका पत्रांक 1183 दिनांक 30.04.2026**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि आपका प्रासंगिक **पत्रांक 1183 दिनांक 30.04.2026** द्वारा जिला परिषद दरभंगा, अध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप अध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली, 2006 के नियम 121 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 एवं बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली, 2006 के संगत प्रावधानों तथा आयोग के पत्रांक 8964 दिनांक 18.12.2021 द्वारा निर्गत सामान्य दिशा–निर्देशों एवं **गजट संख्या 638 तथा 639 दिनांक 31.08.2010** के अधीन **जिला परिषद दरभंगा के अध्यक्ष के रिक्त पद पर दिनांक 10.06.2026 को निर्वाचन कराने का निदेश दिया गया है।**

3. कृपया अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु विशेष बैठक की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना प्रपत्र 24 में ससमय निर्गत कर दी जाए तथा यह सुनिश्चित कराया जाए कि उक्त जिला परिषद के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से **निर्वाचित सभी सदस्यों को सूचना दिनांक 02.06.2026 तक निश्चित रूप से प्राप्त हो जाए। निर्वाचन संपन्न हो जाने के तुरंत बाद उसी दिन निर्वाचित अध्यक्ष को सक्षम प्राधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण भी करा दिया जाएगा।**

4. अध्यक्ष के निर्वाचन की **सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी** सही समय एवं तिथि अंकित करते हुए की जाएगी। वीडीयोग्राफी की एक प्रति Pen Drive के माध्यम से आयोग को निर्वाचन के पश्चात दो दिनों के अन्दर उपलब्ध करा दी जायगी।

5. **अध्यक्ष के रिक्त पद का निर्वाचन CWJC No 7442/2026 (सीता देवी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) में माननीय पटना उच्च न्यायालय के अन्तिम आदेश के फलाफल से प्रभावित होगा। इस संदर्भ में सभी संबंधित को अवगत करा दी जाए।**

6. अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

ज्ञापांक पं0नि0 30–36/2026– **2183** पटना, दिनांक – 26.05.2026

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार/ सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना/आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा एवं पुलिस अधीक्षक, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

पत्र संख्या–पं0नि0 30–36/2026– **2184**

प्रेषक,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

आयुक्त,
दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा।

पटना, दिनांक– 26.05.2026

विषय:– जिला परिषद, दरभंगा के अध्यक्ष के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि जिला परिषद, दरभंगा के अध्यक्ष के रिक्त पद पर **दिनांक 10.06.2026 को निर्वाचन संपन्न कराया जाना है। इस पद पर निर्वाचन हेतु जिला पदाधिकारी, दरभंगा को निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। आयोग के पत्रांक 2183 दिनांक 26.05.2026 से इसकी सूचना सभी संबंधित को दे दी गयी है एवं इसकी प्रति आपको भी दी गयी है।**

2. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु **आयोग द्वारा निदेश दिया गया है कि अपने क्षेत्राधीन (किन्तु दरभंगा जिला से भिन्न) पदस्थापित बिहार प्रशासनिक सेवा के अपर समाहर्त्ता या उससे उच्च स्तर के किसी पदाधिकारी को संबंधित पद पर निर्वाचन हेतु प्रेक्षक के रूप में कृपया प्रतिनियुक्त किया जाय।** प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मोबाईल नम्बर एवं अन्य सूचना विहित प्रपत्र में आयोग को **दिनांक 31.05.2026** के पूर्व आयोग एवं जिला को कृपया उपलब्ध करा दिया जाय। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर संबंधित अधिकारियों की भूमिका सहित एक आत्मभारित प्रतिवेदन आयोग को निर्वाचन समाप्त होने के बाद संलग्न विहित प्रपत्र (प्रेक्षक की प्रतिवेदन) में उसी दिन संध्या तक निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। **प्रेक्षक आयोग के पत्रांक 8964 दिनांक 18.12.2021 एवं गजट संख्या 638 तथा 639 दिनांक 31.08.2010 का अध्ययन अवश्य कर लेंगे ताकि निर्वाचन में किसी तरह की प्रक्रियात्मक भूल नहीं रह जाए।**

3. अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

ज्ञापांक पं0नि0 30–36/2026– **2184** पटना, दिनांक – 26.05.2026

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत), दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संयुक्त निर्वाचन आयुक्त।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847] E-mail: secbihar@gmail.com